# पुरस्कार वितरण समारोह

आज दिनांक 11.02.2025 को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे 50 वें स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के मध्य रस्साकसी, कबड्डी, वालीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस दौड़, शूटिंग, म्यूजिकल चेयर, विजई खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के.पी. सिंह जी ने अपना पोस्ट डॉक्टोरल पूरा करते समय का अनुभव साझा किया जिसमें उन्होंने क्रिकेट मैच खेला और एक ओवर में चार विकेट लिए और बताया के खेल हमें जीवन में एकजुट होना भी सिखाता है।प्रोफेसर के.पी. सिंह ने विजई खिलाड़ियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी।

कुलसचिव श्री संजीव कुमार 9 तारीख से 11 तारीख तक के सभी खेलों में उपस्थित रहे एवं सब का उत्साह वर्धन बढ़ाया और सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। सचिव क्रीड़ा परिषद प्रोफेसर एस एस बेदी ने कहा कि 50 वें स्थापना दिवस समारोह के इस उत्सव पर 250 से ज्यादा खिलाड़ियों ने पारंपरिक एवं अन्य 9 से भी ज्यादा खेलो मै प्रतिभाग किया।

क्रिकेट में नॉन टीचिंग स्टाफ टीम प्रथम एवं शिक्षक द्वितीय, रस्साकसी की प्रतियोगिता में टीचिंग स्टाफ विजयी हुआ जबकि कबड्डी प्रतियोगिता में नॉन टीचिंग स्टाफ टीम बाजी मार ले गई। वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टीम प्रथम स्थान विजेता रही। बैडमिंटन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग में सिंगल और डबल मैच खेले गए जिसमें। जिसमें बैडमिंटन महिला में टीचिंग स्टाफ प्रथम एवं नॉन टीचिंग स्टाफ द्वितीय स्थान प्राप्त किया बैडमिंटन पुरुष में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया टेबल टेनिस मेन में नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया टेबल टेनिस वूमेन में टीचिंग स्टाफ ने प्रथम और नॉन टीचिंग स्टाफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 100 मीटर दौड़ पुरुष 50 वर्ष से कम में संजीव कुमार प्रथम एवं आदित्य गावर द्वितीय, तृतीय स्थान नरेंद्र पाल ने प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ महिला 50 वर्ष से कम में अलंकृता शर्मा ने प्रथम शकुन पटेल ने द्वितीय सेजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ महिला में 50 वर्ष से अधिक में डॉ अनीता त्यागी प्रथम डॉ इंद्रप्रीत कौर द्वितीय चुन्नी देवी तृतीया। 100 मीटर दौड़ पुरुष 50वर्ष से अधिक मै राजमणि यादव प्रथम डॉ प्रभाकर कुशवाहा द्वितीय सुकुमार जहां तृतीया।

इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ पुरुष 50 वर्ष से कम में संजीव प्रथम नरेंद्र द्वितीय डॉ अजय यादव तृतीय रहे। और 50 वर्ष से ऊपर राजमणि यादव प्रथम अनिरुद्ध द्वितीय और डॉक्टर प्रभाकर कुशवाह तृतीय रहे। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ पुरुष में 50 वर्ष से कम नरेंद्र पाल प्रथम डॉ अजय यादव द्वितीय राहुल तृतीय रहे एवं 50 वर्ष से ऊपर राजमणि यादव प्रथम डॉ प्रभाकर द्वितीय सुकुमार जहां तृतीया।

शूटिंग पुरुष प्रतियोगिता में डॉ रश्मि रंजन प्रथम श्री तपन वर्मा द्वितीय रहे शूटिंग महिला प्रतियोगिता में दीप्ति सैनी प्रथम एवं डॉ प्रतिभा सागर द्वितीय रही। म्यूजिकल चेयर में डॉक्टर छवी शर्मा प्रथम  अंजू द्वितीय एवं शुभ मंजरी मिश्रा तृतीया रही।

अंत में शिक्षक वर्ग की तरफ से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड से डॉ अजीत सिंह को पुरस्कृत किया गया। एवं नॉन टीचिंग स्टाफ की तरफ से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवॉर्ड से श्री आदित्य गावर को पुरस्कृत किया गया।



खेल हमें जीवन में एकजुट होना भी सिखाता: कुलपति

आज दिनांक 12.02.2025 को महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय में चल रहे 50 वें स्थापना दिवस समारोह के चौथे दिन माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिसर के छात्र छात्राओं के मध्य  कबड्डी, दौड़

वालीबाल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस, दौड़, शूटिंग, प्रतियोगिताओं का  आयोजन हुआ । क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर एसएस बेदी ने प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया। और सभी छात्राओं को बताया कि वे यह सभी प्रतियोगिताएं एकजुटता  के भाव से खेलें और प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएं।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मी पुरुष दौड़ में अभिषेक प्रथम रोहित यादव द्वितीय एवं मोहम्मद उस्मान तृतीय रहे। 200 मी पुरुष दौड़ में अभिषेक प्रथम रोहित यादव द्वितीय एवं अमृतेश पांडे तृतीय रहे। 400 मी पुरुष दौड़ में विशाल बहादुर प्रथम वासुदेव द्वितीय एवं अमरजीत तृतीय रहे। इसी प्रकार 100 मी महिला दौड़ में नेहा प्रथम आकांक्षा गुप्ता द्वितीय वर्षा पांडे तृतीय रही। 200 मी महिला दौड़ में नेहा प्रथम आकांक्षा गुप्ता द्वितीय एवं तान्या तृतीय रही। 400 मी महिला दौड़ में नेहा प्रथम वैष्णवी मिश्रा द्वितीय अंजलि रस्तोगी तृतीय रही। जबकि कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में सी.एस.आई.टी.  प्रथम, बी फार्मा द्वितीय एवं एम.बी.ए. तृतीय रही। वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में कैंपस प्रथम फार्मेसी द्वितीय एम बी ए तृतीय रही।

शूटिंग पुरुष राइफल प्रतियोगिता में सौरभ सिंह प्रथम अखंड प्रताप सिंह द्वितीय सूर्यकांत तृतीय रहे। इसी प्रकार शूटिंग महिला राइफल प्रतियोगिता में दरक्षा खान प्रथम दिव्या सिंह द्वितीय मेधावी वर्मा तृतीय रही। महिला शूटिंग पिस्टल प्रतियोगिता में फिजा खान प्रथम कशिश यादव द्वितीय रीता शर्मा तृतीय रही।



